**JALAUN POLICE**

## दिनांक- 24.01.2026

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में थाना कदौरा पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियोग पंजीकृत होने से 24 घण्टे के भीतर 01 शातिर चोर को चोरी की ट्रैक्टर-ट्रॉली व एक अज्ञात ट्रैक्टर के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।**

कृपया अवगत कराना है कि दिनांक 23.01.2026 को रामकुमार सिंह पुत्र मोहन सिंह निवासी ग्राम नाका थाना कदौरा जनपद जालौन द्वारा तहरीरी सूचना दी गयी कि अज्ञात चोर द्वारा वादी के घर के बाहर से ट्रैक्टर की ट्रॉली चोरी ले जाना । जिसके संबन्ध में थाना कदौरा पर मु0अ0सं0 10/2026 धारा 302(2) बीएनएस बनाम अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत हुआ था।

दिनांक 24.01.2026 को थाना कदौरा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर/वांछित अपराधी एवं सुरागरसी-पतारसी एवं चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मुमताजाबाद तिराहे पर सड़क पक्की से 01 शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया एवं अभियुक्त की निशादेही पर चोरी की ट्रॉली (मु0अ0स0 10/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना कदौरा जनपद जालौन से सम्बन्धित) व एक अज्ञात ट्रैक्टर बरामद कर आवश्यक कार्यवाही की गयी।

**पूछताछ का विवरण-** पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि मैं ट्रैक्टर DI 35 सोनालिका(नीले रंग) अपने मित्र से मांग कर लाया था। कल रात ग्राम नाका से यह ट्रॉली मैंने व अर्जुन दादा ने मिलकर चोरी की है। आज मैं व अर्जुन दादा ट्रॉली बेचने के लिए पुखराया ले जा रहे थे तभी आप लोगों ने पकड़ लिया।

**अभियुक्त का विवरण-**

1. जितेन्द्र कुमार पुत्र नरेन्द्र यादव उम्र करीब 26 वर्ष नि0 ग्राम बनियाखोड़ थाना मटौन्ध जनपद बांदा

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास**

1. मु0अ0सं0 10/2026 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना कदैरा जनपद जालौन

**अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जानकारी आस-पास के जनपदों/थानो से की जा रही है।**

**बरामदगी का विवरण-**

1. एक अदद ट्रॉली(चोरी की)
2. एक अदद ट्रैक्टर सोनालिका

**बरामद ट्रैक्टर के सम्बन्ध में जांच की जा रही है।**

**गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण-**

1. थानाध्यक्ष कदौरा मय पुलिस टीम।